समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026

# दिग्गज पर्वतारोही निर्मल 'निम्स' पुरजा की हिमस्खलन मे मौत, ब्रॉड पीक अभियान के दौरान गई जान

Sanket Morankar Published on 01 Aug 2026




विश्व प्रसिद्ध पर्वतारोही **निर्मल 'निम्सदाई' पुरजा** का पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में स्थित **ब्रॉड पीक** पर आए भीषण हिमस्खलन में निधन हो गया। इस दुखद घटना की पुष्टि उनकी एडवेंचर कंपनी **Elite Exped** ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से की है।

कंपनी ने बताया कि हिमस्खलन के बाद लापता हुए निर्मल पुरजा और अभियान में शामिल अन्य सदस्यों के जीवित बचने की संभावना नहीं रही। इस हादसे में उनके विश्वसनीय साथी **पुर बहादुर गुरूंग (युक्ता)** और **निमा शेरपा** सहित अन्य पर्वतारोहियों की भी मौत की पुष्टि की गई है।

ब्रॉड पीक पर आया था हिमस्खलन

ब्रॉड पीक दुनिया का **12वां सबसे ऊंचा पर्वत** है, जो कराकोरम पर्वत श्रृंखला में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और चीन की सीमा के निकट स्थित है। हिमस्खलन पर्वत के **वेस्ट रिज रूट** पर लगभग **21,600 से 21,850 फीट** की ऊंचाई पर आया था। हादसे के बाद निर्मल पुरजा और उनकी टीम लापता हो गई थी।

Elite Exped ने जताया गहरा शोक

Elite Exped ने अपने बयान में कहा कि दुनिया ने पर्वतारोहण जगत के सबसे प्रेरणादायक और महान पर्वतारोहियों में से एक को खो दिया है। कंपनी ने कहा कि निर्मल पुरजा ने अपने साहस, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से लाखों लोगों को बड़े सपने देखने और सीमाओं से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

पर्वतारोहण जगत के लिए बड़ी क्षति

निर्मल 'निम्सदाई' पुरजा को दुनिया के सबसे सफल पर्वतारोहियों में गिना जाता था। उन्होंने पर्वतारोहण में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं और अपने अभियानों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर विशेष पहचान बनाई। उनके निधन को पर्वतारोहण समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

कंपनी ने दिवंगत पर्वतारोहियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए लोगों से इस कठिन समय में उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.